दिन– मंगलवार

दिनांक– 28 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. विधान सभा चुनाव को लेकर महागठबंधन ने अपना घोषणा पत्र जारी किया। घोषणा पत्र में सभी परिवारों के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया है।

02 भाजपा, जदयू और लोजपा ने घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा करार दिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा – महागठबंधन सत्ता पाने के लिए लोगों को गुमराह कर रहा है।

03. विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान कल से होगा और तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह और राजनाथ सिंह चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुनावी सभा भी कल होगी।

04. और, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी। आयोग अठारह महीने के अंदर अपनी सिफारिशें केंद्र सरकार को देगा।

---

बिहार विधान सभा चुनाव को लेकर महागठबंधन ने आज अपना घोषणा पत्र जारी किया। इसमें वादा किया गया है कि महागठबंधन की सरकार बनने पर सभी परिवारों के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने के लिए सरकार गठन के बीस दिन के भीतर अधिनियम लाया जायेगा। घोषणा पत्र में वादा किया गया है कि स्वयं सहायता समूह जीविका की कम्यूनिटी मोबिलाईजर दीदियों को स्थायी नौकरी दी जायेगी और उनका वेतन प्रतिमाह तीस हजार रुपया किया जायेगा। इसके अलावा राज्य सरकार के कर्मियों के लिए न्यू पेंशन स्कीम के स्थान पर ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जायेगी। घोषणा पत्र में पच्चीस बिंदु हैं जिसमें से अधिकतर रोजगार, पढाई, स्वास्थ्य और सामाजिक योजनाओं से संबंधित हैं। महागठबंधन ने घोषणा पत्र का नाम तेजस्वी प्रण रखा है। पटना में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सभी सातों घटक दल के नेताओं ने इसे जारी किया। महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि घोषणा पत्र का उद्देश्य बिहार को नंबर एक राज्य बनाना है। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि एनडीए के पास कोई विजन नहीं है इसलिए अभी तक कोई साझा घोषणा पत्र जारी नहीं हो सका है।

–––बाइट–––

---

राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि यह घोषणा पत्र बिहार के चौदह करोड़ लोगों के जीवन में नया बदलाव लेकर आएगा। श्री तिवारी ने कहा कि इस घोषणा पत्र से अगले पांच सालों में बिहार सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास करेगा।

———बाइट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने महागठबंधन के घोषणा पत्र को जनता को गुमराह करने वाला बताया है। श्री प्रसाद ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राजद सहित महागठबंधन में शामिल सभी घटक दल झूठ बोलकर सत्ता पाना चाहते हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने महागठबंधन के घोषणा पत्र पर निशाना साधते हुए कहा कि इसमें कोई नई बात नहीं कही गयी है। श्री चौधरी ने आरोप लगाया कि चुनाव जीतने के लिए महागठबंधन जनता को झूठे सपने दिखा रही है।

———बाइट———

इधर, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि महागठबंधन झूठ बोलने में माहिर है। श्री पासवान ने आज पटना में कहा कि महागठबंधन का घोषणा पत्र सिर्फ झूठ का पुलिंदा है।

———बाइट———

---

छठ पूजा के बाद विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान कल से और तेज़ हो जाएगा। वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल दरभंगा, समस्तीपुर और बेगूसराय में कई चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। वहीं, वरिष्ठ भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दरभंगा, पटना और सारण ज़िले में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी कल एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भी कल मुजफ्फरपुर के सकरा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मुजफ्फरपुर के गाय घाट में चुनावी सभा को संबोधित कर एनडीए प्रत्याशी को जिताने की अपील की। इस अवसर पर श्री कुमार ने कहा कि उनकी सरकार ने सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद और कांग्रेस के शासनकाल में बिहार में कोई काम नहीं हुआ था। प्रदेश में भय का वातावरण था और अपहरण और लूट एक संगठित अपराध बन गया था।

---बाइट---

इधर, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज सारण ज़िले के मांझी, तरैया, मढ़ौरा, अमनौर और गरखा में महागठबंधन उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री यादव ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर माई-बहन मान योजना को लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को राज्य में ही रोजगार के लिए अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे और पलायन पर रोक लगायी जाएगी।

---

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि आयोग अपने गठन की तिथि से अठारह महीनों के भीतर अपनी सिफारिशें देगा। उन्होंने बताया कि न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई आयोग की अध्यक्ष होंगी। इसके अलावा प्रोफेसर पुलौक घोष और पंकज जैन आयोग के सदस्य होंगे।

---बाइट---

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने दावा किया है कि विधानसभा चुनाव में एनडीए शानदार जीत हासिल करेगा। श्री जायसवाल ने आज किशनगंज में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीस अक्टूबर से बिहार के विभिन्न जिलों में चुनाव प्रचार कार्यक्रम और रोड-शो में भाग लेंगे।

---बाइट---

---

भाजपा नेता ऋतुराज सिन्हा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में महिलाओं का तेजी से विकास हुआ है। श्री सिन्हा ने आज संवाददाताओं से

बातचीत में कहा कि बिहार की एनडीए सरकार ने महिलाओं के साथ सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया है।

———बाइट———

———————————————————————————

चुनाव आयोग ने जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को नोटिस जारी किया है। प्रशांत किशोर पर आरोप है कि उनका नाम दो राज्यों की वोटर लिस्ट में शामिल हैं। आयोग ने श्री किशोर को जवाब देने के लिए तीन दिनों का समय दिया है। सासाराम के करगहर विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि प्रशांत किशोर का नाम बिहार की वोटर लिस्ट के अलावा पश्चिम बंगाल की वोटर लिस्ट में भी शामिल है। इधर, राजद, भाजपा और जदयू ने इसे अपराध बताते हुए गहराई से इसकी जांच की मांग की है। वहीं, प्रशांत किशोर ने कहा कि आयोग की नोटिस का कोई तात्पर्य नहीं है।

———बाइट———

———————————————————————————

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान आज पारण के साथ संपन्न हो गया। राजधानी पटना समेत प्रदेश की प्रमुख नदियों गंगा, कोसी, गंडक, बागमती, सोन के अलावा तालाबों, जलाशयों और अस्थायी घाटों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। व्रतियों ने अपने घरों के बाहर बने कुंड और छतों पर बने अस्थायी जलाशयों में भी अर्घ्य दिया। इस मौके पर छठ गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। औरंगाबाद के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल देव, नवादा जिले के हड़िया सूर्य मंदिर और नालंदा के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर बड़गांव में छठ महापर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छठ के पावन पर्व में शामिल सभी लोगों को शुभकामनाएँ दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि छठ का पावन पर्व आज श्रद्धालुओं द्वारा भगवान सूर्य को प्रातःकालीन अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न हो गया। उन्होंने कहा कि चार दिवसीय अनुष्ठान के दौरान, भारत में छठ पूजा की भव्य परंपरा की झलकियाँ देखने को मिलीं। प्रधानमंत्री ने कामना करते हुए कहा कि छठी मैया की असीम कृपा देशवासियों के जीवन को सदैव आलोकित रखे।

---

बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न गंभीर चक्रवातीय तूफान **'मोंथा'** के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में तीस और इकतीस अक्टूबर को भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने तीस अक्टूबर को गोपालगंज, सीवान, मधुबनी, सीतामढ़ी, दरभंगा, सुपौल, पूर्वी और पश्चिम चंपारण के कुछ भागों में अति भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, गया, औरंगाबाद, रोहतास, मुंगेर, बक्सर, नालंदा और पटना जिले के कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इकतीस अक्टूबर को अररिया, किशनगंज, सीतामढ़ी, मधुबनी और सुपौल जिले के कुछ स्थानों पर अति भारी वर्षा की संभावना है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. विधान सभा चुनाव को लेकर महागठबंधन ने अपना घोषणा पत्र जारी किया। घोषणा पत्र में सभी परिवारों के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया है।

02 भाजपा, जदयू और लोजपा ने घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा करार दिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा – महागठबंधन सत्ता पाने के लिए लोगों को गुमराह कर रहा है।

03. विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान कल से होगा और तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह और राजनाथ सिंह चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुनावी सभा भी कल होगी।

04. और, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी। आयोग अठारह महीने के अंदर अपनी सिफारिशें केंद्र सरकार को देगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।